# चम्पारण ज्ञानाग्रह

**प्रार्थना-सभा सामग्री, दिनांक– 01 अप्रैल 2026, अंक –248.**

**प्रस्तुति:- GOVT. PS बोदसर, बगहा-2, प. चम्पारण (10010803702)**

**सौजन्य :- "TEACHERS OF BIHAR - THE CHANGE MAKERS."**




"जो अपने समय को साध लेता है, वह भविष्य को गढ़ लेता है।" — चाणक्य



विद्यार्थियों की बौद्धिक और नैतिक उन्नति की ओर....

**संपादक:- शैलेन्द्र कुमार**



अनुभाग-1

# "प्रार्थना-सभा सामग्री"

## Wednesday Prayer

तू ही राम है, तू रहीम है,
तू करीम कृष्ण खुदा हुआ।
तू ही वाहे गुरु तू यीशू मसीह
हर नाम में तू समा रहा।
तू ही राम है.........................................।

तेरी जात पाक कुरान में,
तेरा दरस वेद पुराण में।
गुरु ग्रन्थजी के बखान में,
तू प्रकाश अपना दिखा रहा।
तू ही राम है.........................................।

अरदास है कहीं कीरतन
कहीं रामधुन कहीं आवहन।
विधि भेद का यह है सब रचन,
तेरा भक्त तुझको बुला रहा।
तू ही राम है.........................................।

तेरा गुण नहीं हम गा सकें,
तुझे कैसे मन में ध्या सके।
है दुआ यहीं तुझे पा सकें,
तेरे दर पे सर ये झुका हुआ।
तू ही राम है.........................................।

## बिहार राज्य गीत

मेरे भारत के कंठहार ,
तुझको शत-शत वंदन बिहार..!

तू वाल्मीकि की रामायण
तू वैशाली का लोकतंत्र,
तू बोधिसत्व की करूणा है
तू महावीर का शांतिमंत्र
तू नालंदा का ज्ञानदीप
तू हीं अक्षत चंदन बिहार

तू है अशोक की धर्मध्वजा
तू गुरूगोविंद की वाणी है
तू आर्यभट्ट तू शेरशाह
तू कुंवर सिंह बलिदानी है
तू बापू की है कर्मभूमि
धरती का नंदन वन बिहार।

तेरी गौरव गाथा अपूर्व
तू विश्व शांति का अग्रदूत
लौटेगा खोया स्वाभिमान
अब जाग चुके तेरे सपूत
अब तू माथे का विजय तिलक
तू आँखों का अंजन बिहार
तुझको शत-शत वंदन बिहार
मेरे भारत के कंठहार ॥

## राष्ट्रीय गीत (190 सेकंड)

वन्दे मातरम्।
सुजलां सुफलां मलयजशीतलाम्,
शस्यश्यामलां मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
शुभ्रज्योत्स्ना पुलकित यामिनीम्,
फुल्लकुसुमित द्रुमदलशोभिनीम्,
सुहासिनीं सुमधुर भाषिणीम्,
सुखदां वरदां मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
कोटि-कोटि कण्ठ कलकल निनाद कराले,
कोटि-कोटि भुजैर्धृत खरकरवाले,
अबला केनो मा एतो बले?
बहुबलधारिणीं नमामि तारिणीं,
रिपुदलवारिणीं मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
त्वं हि विद्या, त्वं हि धर्म,
त्वं हि हृदि, त्वं हि मर्म,
त्वं हि प्राणाः शरीरे।
बाहुते त्वं मा शक्ति,
हृदये त्वं मा भक्ति,
तोमारइ प्रतिमा गढ़ि
मन्दिरे-मन्दिरे।
वन्दे मातरम्॥
त्वं हि दुर्गा दशप्रहरणधारिणी,
कमला कमलदलविहारिणी,
वाणी विद्यादायिनी नमामि त्वाम्।
नमामि कमलाम् अमलाम् अतुलाम्,
सुजलां सुफलां मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
श्यामलां सरलां सुस्मितां भूषिताम्,
धरणीं भरणीं मातरम्।
वन्दे मातरम्॥

## राष्ट्रगान

जन-गण-मन अधिनायक जय हे
भारत-भाग्य-विधाता।
पंजाब-सिंधु-गुजरात-मराठा
द्रविड़-उत्कल-बंग।
विंध्य-हिमाचल-यमुना-गंगा
उच्छल-जलधि-तरंग।
तव शुभ नामे जागे,
तव शुभ आशिष मांगे,
गाहे तव जय-गाथा।
जन-गण-मंगलदायक जय हे
भारत-भाग्य-विधाता।
जय हे, जय हे, जय हे,
जय जय जय जय हे।।

संकलन:-
शैलेन्द्र कुमार
प्रधान शिक्षक
Govt. PS बोदसर,
बगहा-2, प. चंपारण।



# संविधान की प्रस्तावना

हम, भारत के लोग,
भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए, तथा उसके समस्त नागरिकों को: सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए, तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता एवं अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवम्बर, 1949 ई० (मिति मार्ग शीर्ष शुक्ल सप्तमी, संवत् दो हजार छह विक्रमी) को एतद् द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।

# मौलिक अधिकार

1. "समता का अधिकार (Right to Equality.)" - अनुच्छेद 14–18
2. "स्वतंत्रता का अधिकार - (Right to Freedom.)" - अनुच्छेद 19–22
3. "शोषण के विरुद्ध अधिकार (Right against Exploitation.)" - अनुच्छेद 23–24
4. "धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार (Right to Freedom of Religion.)" - अनुच्छेद 25–28
5. "संस्कृति एवं शिक्षा संबंधी अधिकार (Cultural and Educational Right.)" - अनुच्छेद 29–30
6. "संवैधानिक उपचारों का अधिकार (Right to Constitutional Remedies.)" - अनुच्छेद 32

# मौलिक कर्तव्य

अनुच्छेद 51(क) – मौलिक कर्तव्य:
भारत के प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य होगा कि वह –
(1.) संविधान का पालन करे और उसके आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्रध्वज और राष्ट्रगान का आदर करे;
(2.) स्वतन्त्रता के लिए हमारे राष्ट्रीय आन्दोलन को प्रेरित करने वाले उच्च आदर्शों को हृदय में संजोए रखे और उनका पालन करे;
(3.) भारत की प्रभुता, एकता और अखण्डता की रक्षा करे और उसे अक्षुण्ण रखे;
(4.) देश की रक्षा करे और आह्वान किए जाने पर राष्ट्र की सेवा करे;
(5.) भारत के सभी लोगों में समरसता और समान भ्रातृत्व की भावना का निर्माण करे जो धर्म, भाषा और प्रदेश या वर्ग पर आधारित सभी भेदभाव से परे हो; ऐसी प्रथाओं का त्याग करे जो स्त्रियों के सम्मान के विरुद्ध हैं;
(6.) हमारी सामासिक संस्कृति की गौरवशाली परम्परा का महत्त्व समझे और उसका परिरक्षण करे;
(7.) प्राकृतिक पर्यावरण, जिसके अंतर्गत वन, झील, नदी और वन्य जीव हैं, की रक्षा करे और उसका संवर्धन करे तथा प्राणिमात्र के प्रति दयाभाव रखे;
(8.) वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानववाद और ज्ञानार्जन तथा सुधार की भावना का विकास करे;
(9.) सार्वजनिक सम्पत्ति की रक्षा करे और हिंसा से दूर रहे;
(10.) व्यक्तिगत और सामूहिक गतिविधियों के सभी क्षेत्रों में उत्कर्ष की ओर बढ़ने का सतत प्रयास करे जिससे राष्ट्र निरन्तर बढ़ते हुए प्रयत्नों द्वारा उन्नति की नई ऊँचाइयों को छू ले;
(11.) यदि वह माता-पिता या संरक्षक है, तो छह वर्ष से चौदह वर्ष तक की आयु वाले अपने, यथास्थिति, बच्चे या प्रतिपाल्य को शिक्षा के अवसर प्रदान करे।

अनुभाग-2

# वर्ग:- प्राथमिक (1 - 5) के लिए

# सामान्य-ज्ञान

1: हिमाचल प्रदेश की राजधानी कहाँ है?
उत्तर: शिमला
प्रश्न 2: एशिया की सबसे लंबी नदी कौन सी है?
उत्तर: यांग्त्ज़ी (चांग जियांग)
प्रश्न 3: 'पोंगल' त्योहार मुख्य रूप से किस राज्य में मनाया जाता है ?
उत्तर: तमिलनाडु
प्रश्न 4: 1 मीटर में कितने सेंटीमीटर होते हैं?
उत्तर: 100 सेंटीमीटर
प्रश्न 5: पटना स्थित 'गोलघर' का निर्माण किसने करवाया था ?
उत्तर: कैप्टन जॉन गार्स्टिन (ब्रिटिश काल में, 1786 में)
प्रश्न 6: भारत का राष्ट्रीय जलीय जीव कौन सा है?
उत्तर: गंगा डॉल्फिन
प्रश्न 7: बल्ब का आविष्कार किसने किया था?
उत्तर: थॉमस अल्वा एडिसन
प्रश्न 8: भारत का संविधान कितनी तारीख को लागू हुआ था?
उत्तर: 26 जनवरी 1950
प्रश्न 9: 'आदि' का विलोम शब्द बताइए।
उत्तर: अंत
प्रश्न 10: 'जो पढ़ा जा सके' उसे एक शब्द में क्या कहेंगे?
उत्तर: पठनीय

## संकलन:-



**पिन्टू कुमार**
विद्यालय अध्यापक
UHS रामपुर, बगहा-2

# शब्द - संगम

1. I – (आइ) – मैं
2. We – (वी) – हम
3. You – (यू) – तुम / आप
4. He – (ही) – वह (लड़का / पुरुष)
5. She – (शी) – वह (लड़की / स्त्री)
6. It – (इट) – यह / वह (निर्जीव, जानवर, वस्तु)
7. They – (दे) – वे / वे लोग



संकलन:-
**सौरभ कुमार**
विद्यालय अध्यापक
Govt. UMS गोइती
बगहा-2, प. चम्पारण

# English गप-शप

थीम: "मैं ... हूँ" (I am ...)

मैं खुश हूँ। – I am happy.
मैं ठीक हूँ। – I am fine.
मैं तैयार हूँ। – I am ready.
मैं व्यस्त हूँ। – I am busy.
मैं सुरक्षित हूँ। – I am safe.



संकलन:-
**सुनील कुमार राम**
प्रधान शिक्षक
Govt. PS चिउटाहां
बगहा-2, प. चम्पारण

# "सामान्य-ज्ञान"(वर्ग:6-12)

1. आज 01 अप्रैल को 'उत्कल दिवस' के रूप में किस भारतीय राज्य का स्थापना दिवस मनाया जाता है? (दिवस ज्ञान)
उत्तर: ओडिशा
व्याख्या: 1 अप्रैल 1936 को भाषाई आधार पर ओडिशा (तत्कालीन उड़ीसा) को एक अलग राज्य बनाया गया था। यह दिवस ओडिशा की समृद्ध कला, प्राचीन मंदिरों और गौरवशाली इतिहास के सम्मान में मनाया जाता है। भारत के सांस्कृतिक मानचित्र पर ओडिशा का कोणार्क सूर्य मंदिर और जगन्नाथ पुरी विश्व प्रसिद्ध हैं।
संदर्भ: ओडिशा सरकार आधिकारिक पोर्टल (2026)।

2. हाल ही में 'बिहार सरकार' ने किस जिले में 'राज्य का पहला क्लाइमेट स्मार्ट विलेज' (Climate Smart Village) विकसित करने की योजना को विस्तार दिया है? (समसामयिकी)
उत्तर: खगड़िया
व्याख्या: अप्रैल 2026 में खगड़िया के गांवों को जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से लड़ने के लिए 'स्मार्ट विलेज' के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया गया है। यहाँ किसानों को मौसम के अनुकूल कृषि तकनीक और जल संचयन के तरीके सिखाए जा रहे हैं। यह 'जल-जीवन-हरियाली' अभियान का एक उन्नत विस्तार है।
संदर्भ: कृषि विभाग, बिहार सरकार (अप्रैल 2026)।

3. "मुद्रा राक्षस" नाटक के रचयिता कौन हैं, जिसमें मौर्यकालीन राजनीति का अनूठा वर्णन मिलता है? (पुस्तक - लेखक)
उत्तर: विशाखदत्त
व्याख्या: विशाखदत्त द्वारा रचित यह संस्कृत नाटक मौर्य साम्राज्य की स्थापना और चाणक्य की रणनीतियों पर आधारित है। यह ग्रंथ उस काल की न्याय प्रणाली और प्रशासनिक ढांचे को समझने का एक प्रामाणिक ऐतिहासिक स्रोत है।
संदर्भ: NCERT कक्षा 6 इतिहास, अध्याय 1, पृष्ठ 4।

4. पृथ्वी के वायुमंडल की वह कौन सी परत है जिसमें 'ओजोन गैस' का सुरक्षा कवच पाया जाता है? (पर्यावरण)
उत्तर: समताप मंडल (Stratosphere)
व्याख्या: समताप मंडल में ओजोन परत स्थित होती है जो सूर्य की हानिकारक पराबैंगनी किरणों को सोख लेती है। यदि यह परत न हो, तो पृथ्वी पर त्वचा कैंसर और अन्य पर्यावरणीय संकट बढ़ सकते हैं।
संदर्भ: NCERT कक्षा 7 भूगोल, अध्याय 4 (वायु), पृष्ठ 22।

5. प्राचीन काल में लोग पांडुलिपियाँ (Manuscripts) लिखने के लिए किस पेड़ की छाल का उपयोग करते थे? (इतिहास)
उत्तर: भुर्ज (बर्च)
व्याख्या: प्राचीन भारत में ताड़पत्रों के अलावा हिमालय क्षेत्र में उगने वाले 'भुर्ज' नामक पेड़ की छाल का उपयोग पांडुलिपियाँ तैयार करने के लिए किया जाता था। ये दस्तावेज हमारे प्राचीन इतिहास, धर्म और विज्ञान की जानकारी के प्राथमिक स्रोत हैं।
संदर्भ: NCERT कक्षा 6 इतिहास, अध्याय 1 (क्या, कहाँ, कैसे और कब?), पृष्ठ 4।

# "सामान्य-ज्ञान"

6. भारत की मुख्य भूमि का सबसे दक्षिणी बिंदु (Southernmost Point) कौन सा है? (भूगोल)
उत्तर: कन्याकुमारी
व्याख्या: कन्याकुमारी (केप कोमोरिन) भारतीय मुख्य भूमि का दक्षिणतम बिंदु है, जहाँ हिंद महासागर, अरब सागर और बंगाल की खाड़ी का मिलन होता है। यदि संपूर्ण भारत (द्वीपों सहित) की बात करें, तो 'इन्दिरा पॉइंट' (अंडमान निकोबार) सबसे दक्षिणी बिंदु है।
संदर्भ: NCERT कक्षा 9 भूगोल, अध्याय 1 (भारत - आकार और स्थिति), पृष्ठ 1।

7. भारतीय संविधान में 'कानून के समक्ष समानता' का अधिकार किस अनुच्छेद के तहत दिया गया है? (संविधान)
उत्तर: अनुच्छेद 14
व्याख्या: अनुच्छेद 14 यह सुनिश्चित करता है कि भारत के राज्य क्षेत्र में किसी भी व्यक्ति को कानून के समक्ष समानता या कानूनों के समान संरक्षण से वंचित नहीं किया जाएगा। यह हमारे लोकतंत्र और विधि के शासन (Rule of Law) की आधारशिला है।
संदर्भ: NCERT कक्षा 11 राजनीति विज्ञान, अध्याय 2 (भारतीय संविधान में अधिकार), पृष्ठ 31।

8. 'मैग्नीशियम' की पट्टी को हवा में जलाने पर वह किस रंग की चमकदार लौ के साथ जलती है? (विज्ञान)
उत्तर: सफेद (श्वेत)
व्याख्या: मैग्नीशियम रिबन को जब हवा में जलाया जाता है, तो वह ऑक्सीजन के साथ क्रिया करके 'मैग्नीशियम ऑक्साइड' बनाता है और एक अत्यंत चमकदार सफेद लौ उत्पन्न करता है। यह एक रासायनिक परिवर्तन का उदाहरण है।
संदर्भ: NCERT कक्षा 10 विज्ञान, अध्याय 1 (रासायनिक अभिक्रियाएँ एवं समीकरण), पृष्ठ 1।

9. विश्व प्रसिद्ध 'पशुपति मुहर' सिंधु घाटी सभ्यता के किस पुरास्थल से प्राप्त हुई है? (कला एवं संस्कृति)
उत्तर: मोहनजोदड़ो
व्याख्या: मोहनजोदड़ो से प्राप्त इस मुहर पर एक योगी की आकृति बनी है, जिसे 'आद्य शिव' माना जाता है। इसके चारों ओर हाथी, बाघ, गैंडा और भैंसा जैसे जानवरों के चित्र हैं। यह प्राचीन भारतीय कला और धार्मिक विश्वासों का एक महत्वपूर्ण प्रमाण है।
संदर्भ: NCERT कक्षा 12 (Fine Arts) भारतीय कला का परिचय, अध्याय 2, पृष्ठ 25।

10. बिहार के किस जिले में 'चम्पारण सत्याग्रह' के दौरान गांधीजी ने अपना पहला आश्रम (भितिहरवा) स्थापित किया था? (बिहार GK)
उत्तर: पश्चिम चम्पारण
व्याख्या: गांधीजी ने 1917 में नील के किसानों की समस्याओं के समाधान हेतु पश्चिम चम्पारण के भितिहरवा गाँव में एक पाठशाला और आश्रम की स्थापना की थी। यह स्थल आज भी गांधीवादी मूल्यों और भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की ऊर्जा का केंद्र है।
संदर्भ: बिहार आर्थिक सर्वेक्षण; SCERT बिहार कक्षा 8 इतिहास।

# "सामान्य-ज्ञान"

11. सुरक्षित शनिवार (अप्रैल W1): विद्यालय में 'हजार्ड हंट' (जोखिमों की पहचान) करने का मुख्य उद्देश्य क्या है? (विद्यालय सुरक्षा)
उत्तर: असुरक्षित बिंदुओं की पहचान
व्याख्या: नए सत्र के पहले सप्ताह में बच्चों द्वारा विद्यालय परिसर का भ्रमण कर खुले तार, टूटी दीवार या जर्जर छत जैसे जोखिमों को पहचाना जाता है। इसका उद्देश्य एक सुरक्षित 'विद्यालय आपदा प्रबंधन योजना' तैयार करना है ताकि किसी भी अनहोनी को टाला जा सके।
संदर्भ: मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम एवं सुरक्षित शनिवार वार्षिक सारणी (बिहार सरकार)।

12. 2, 4, 12, 48, ? — दी गई श्रेणी में अगली संख्या क्या होगी? (मानसिक योग्यता)
उत्तर: 240
व्याख्या: यहाँ उपयोग किया गया तर्क है: \times 2, \times 3, \times 4, \times 5।


GK संकलन:-
शैलेन्द्र कुमार
प्रधान शिक्षक
Govt. PS बोदसर
बगहा-2, प. चम्पारण ।




अनुभाग-4

## -: शब्द - संगम :-

Assert (असर्ट) = Declare (डिक्लेयर) = दृढ़ता से कहना
Antonym – Deny (डिनाय) = इंकार करना
Compile (कम्पाइल) = Collect (कलेक्ट) = इकट्ठा करना
Antonym – Disperse (डिस्पर्स) = बिखेरना
Cease (सीज़) = Stop (स्टॉप) = बंद करना
Antonym – Continue (कंटिन्यू) = जारी रखना
Abide (अबाइड) = Follow (फॉलो) = पालन करना
Antonym – Disobey (डिसओबे) = अवज्ञा करना
Vivid (विविड) = Clear (क्लियर) = स्पष्ट
Antonym – Dull (डल) = धुंधला




~: संकलन :~
राकेश कुमार राव
प्रधानाध्यापक
PMश्री +2 NGY उच्च विद्यालय
वाल्मीकिनगर, बगहा-2 , प. चम्पारण ।

# "आज का अख़बार"

## NATIONAL NEWS

**Prime Minister inaugurates 'Bharat Semiconductor Mission 2.0' in Gujarat; India aims to become global hub for 3nm chip manufacturing by 2028.**
**प्रधानमंत्री ने गुजरात में 'भारत सेमीकंडक्टर मिशन 2.0' का उद्घाटन किया; भारत का लक्ष्य 2028 तक 3nm चिप निर्माण का वैश्विक केंद्र बनना है।**

**ISRO successfully tests 'Green Propulsion System' for Gaganyaan-2; moves towards eco-friendly and sustainable space exploration.**
**इसरो ने गगनयान-2 के लिए 'ग्रीन प्रोपल्शन सिस्टम' का सफल परीक्षण किया; पर्यावरण के अनुकूल और टिकाऊ अंतरिक्ष अन्वेषण की दिशा में बड़ा कदम।**

**NCERT and Ministry of Education announce 'National Assessment Center - PARAKH' expansion to include AI-based holistic progress cards for all states.**
**एनसीईआरटी और शिक्षा मंत्रालय ने सभी राज्यों के लिए एआई-आधारित समग्र प्रगति कार्ड शामिल करने हेतु 'राष्ट्रीय मूल्यांकन केंद्र - परख (PARAKH)' के विस्तार की घोषणा की।**

## INTERNATIONAL NEWS

**UN Security Council adopts 'Global Framework on Climate Migration'; mandates protection for displaced populations due to rising sea levels.**
**संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने 'जलवायु प्रवासन पर वैश्विक ढांचा' अपनाया; बढ़ते समुद्र के स्तर के कारण विस्थापित आबादी के लिए सुरक्षा और पुनर्वास अनिवार्य।**

**BBC Report: G20 Finance Ministers agree on 'Global Minimum Digital Tax' for multinational tech giants to curb tax evasion.**
**बीबीसी रिपोर्ट: G20 वित्त मंत्रियों ने कर चोरी रोकने के लिए बहुराष्ट्रीय टेक दिग्गजों पर 'ग्लोबल मिनिमम डिजिटल टैक्स' लगाने पर सहमति व्यक्त की।**

**World Health Organization (WHO) launches 'Bio-Hub System' in Geneva for rapid sharing of pathogens to prevent future pandemics.**
**विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने भविष्य की महामारियों को रोकने के लिए रोगजनकों (Pathogens) के तेजी से साझाकरण हेतु जिनेवा में 'बायो-हब सिस्टम' लॉन्च किया।**

## BIHAR NEWS

**Bihar Government launches 'Mukhyamantri Udyami Yojana 3.0' with special focus on Green-Tech and Agri-Exports for rural youth.**
**बिहार सरकार ने ग्रामीण युवाओं के लिए ग्रीन-टेक और कृषि-निर्यात पर विशेष ध्यान देने के साथ 'मुख्यमंत्री उद्यमी योजना 3.0' की शुरुआत की।**

**SCERT Bihar to collaborate with IIT Kanpur for 'Cyber Security Literacy' program in 5000 Senior Secondary Schools across the state.**
**एससीईआरटी बिहार राज्य के 5000 सीनियर सेकेंडरी स्कूलों में 'साइबर सुरक्षा साक्षरता' कार्यक्रम के लिए आईआईटी कानपुर के साथ सहयोग करेगा।**

## SPORTS NEWS

**IPL 2026: Rajasthan Royals defeat Chennai Super Kings in thrilling opener; Ravindra Jadeja's all-round show and dramatic send-off steal the limelight.**
**आईपीएल 2026: राजस्थान रॉयल्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को रोमांचक ओपनर में हराया; रविंद्र जडेजा के ऑलराउंड प्रदर्शन और ड्रामेटिक सेंड-ऑफ ने सुर्खियां बटोरीं।**

**Ministry of Youth Affairs and Sports announces 'Mission Olympics 2032'; identifies 1000 budding athletes for specialized overseas training.**
**युवा मामले और खेल मंत्रालय ने 'मिशन ओलंपिक 2032' की घोषणा की; विशेष विदेशी प्रशिक्षण के लिए 1000 उभरते एथलीटों की पहचान की गई।**



**संकलन:-**
**शैलेन्द्र कुमार**
**प्रधान शिक्षक**
**रा.प्रा.वि. बोदसर,**
**बगहा-2, प. चम्पारण ।**

**✍️ संदेश:**

**"करेंट अफेयर्स का नियमित अध्ययन ही प्रतियोगी सफलता की सबसे मजबूत नींव है।"**

प्रेरक प्रसंग

# "नई शुरुआत"

1 अप्रैल का दिन था। विद्यालय में एक नई ऊर्जा थी, क्योंकि आज से नया शैक्षणिक सत्र भी शुरू हो रहा था। बच्चे नई कक्षाओं में पहुँच चुके थे—नए लक्ष्य, नई किताबें और नई उम्मीदों के साथ।

प्रार्थना सभा के बाद प्रधानाध्यापक महोदय मंच पर आए और बोले—

“बच्चों, आज से हमारे देश में नया वित्तीय वर्ष भी शुरू होता है। क्या तुम जानते हो इसका क्या अर्थ है?”

बच्चों ने उत्सुकता से पूछा—

“सर, वित्तीय वर्ष क्या होता है? और यह 1 अप्रैल से ही क्यों शुरू होता है?”

प्रधानाध्यापक महोदय ने समझाया—

“वित्तीय वर्ष वह समय होता है, जिसमें हम पूरे साल की आय और खर्च का हिसाब रखते हैं। भारत में यह 1 अप्रैल से 31 मार्च तक चलता है। यह समय इसलिए चुना गया, क्योंकि खेती, व्यापार और नई योजनाओं की शुरुआत के लिए यह उपयुक्त माना जाता है।

बजट का मतलब है—पहले से योजना बनाना कि हमें क्या पाना है और उसे कैसे हासिल करना है।”

फिर उन्होंने बच्चों से कहा—

“जैसे सरकार अपने पूरे साल की योजना बनाती है, वैसे ही तुम्हें भी इस नए सत्र में अपने लक्ष्य तय करने चाहिए।”

उन्होंने एक उदाहरण दिया—

“एक छात्र था विवेक। वह बिना योजना के पढ़ाई करता था, इसलिए उसे अच्छे परिणाम नहीं मिलते थे। लेकिन जब उसने रोज़ थोड़ा-थोड़ा पढ़ना और समय का सही उपयोग करना शुरू किया, तो वह सफल होने लगा।”

प्रधानाध्यापक महोदय ने अंत में कहा—

“बच्चों, नया सत्र और नया वर्ष हमें एक मौका देता है—अपनी गलतियों से सीखने और बेहतर बनने का।”

सभी बच्चों ने संकल्प लिया—

“हम इस वर्ष अनुशासन और मेहनत के साथ अपने लक्ष्य पूरे करेंगे।”

संदेश: "नई शुरुआत तभी सफल होती है, जब उसके साथ सही योजना और निरंतर प्रयास जुड़े हों।”



................✍️
मनोज कुमार
प्रधानाध्यापक
रा.म.वि.वाल्मीकिनगर
बगहा 2, प. चम्पारण।

अनुभाग-7

# "शिक्षक संवर्धन"

## शिक्षक की व्यावसायिक नैतिकता (Professional Ethics of Teacher) का महत्व

शिक्षक केवल ज्ञान देने वाला व्यक्ति नहीं होता, बल्कि वह समाज का निर्माता, मार्गदर्शक और आदर्श भी होता है। विद्यार्थियों के जीवन पर शिक्षक का गहरा प्रभाव पड़ता है, इसलिए यह अत्यंत आवश्यक है कि शिक्षक अपने कार्य में व्यावसायिक नैतिकता (Professional Ethics) का पालन करें। यह नैतिकता ही शिक्षण को केवल नौकरी नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी और सेवा का रूप प्रदान करती है।

शिक्षक की व्यावसायिक नैतिकता का अर्थ है—अपने कर्तव्यों का पालन ईमानदारी, निष्पक्षता, संवेदनशीलता और समर्पण के साथ करना। एक नैतिक शिक्षक सभी विद्यार्थियों के साथ समान व्यवहार करता है, किसी प्रकार का भेदभाव नहीं करता और हर बच्चे को सीखने का समान अवसर प्रदान करता है। चाहे बच्चा कमजोर हो या तेज, सभी को प्रोत्साहन और सहयोग मिलना चाहिए।

उदाहरण के लिए यदि कक्षा में कोई बच्चा बार-बार गलती करता है, तो एक नैतिक शिक्षक उसे डाँटने या अपमानित करने के बजाय धैर्यपूर्वक समझाता है और उसकी सहायता करता है। इसी प्रकार परीक्षा के समय निष्पक्ष मूल्यांकन करना भी शिक्षक की नैतिक जिम्मेदारी है, ताकि बच्चों को उनके वास्तविक प्रदर्शन के अनुसार अंक प्राप्त हों।

व्यावसायिक नैतिकता का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि शिक्षक अपने कार्य के प्रति समयबद्ध और उत्तरदायी (Responsible) हो। समय पर विद्यालय आना, कक्षाओं का नियमित संचालन करना, पाठ योजना बनाना और बच्चों की प्रगति पर ध्यान देना—ये सभी एक नैतिक शिक्षक के गुण हैं। यदि शिक्षक स्वयं अनुशासित होता है, तो उसका प्रभाव बच्चों पर भी सकारात्मक रूप से पड़ता है।

आज के समय में जब शिक्षा में नए-नए बदलाव हो रहे हैं, तो शिक्षक के लिए निरंतर सीखना (Lifelong Learning) भी नैतिकता का एक हिस्सा बन गया है। शिक्षक को नई शिक्षण विधियों, तकनीकों और नीतियों के बारे में सीखते रहना चाहिए, ताकि वह बच्चों को बेहतर तरीके से शिक्षित कर सके।

बिहार के सरकारी विद्यालयों में भी यह अपेक्षा की जाती है कि शिक्षक केवल पाठ्यक्रम पूरा करने तक सीमित न रहें, बल्कि बच्चों के समग्र विकास पर ध्यान दें। "निपुण बिहार" जैसे कार्यक्रमों की सफलता भी काफी हद तक शिक्षक की प्रतिबद्धता और नैतिकता पर निर्भर करती है।

शिक्षक की नैतिकता का प्रभाव केवल कक्षा तक सीमित नहीं रहता, बल्कि यह समाज में भी दिखाई देता है। जब बच्चे एक ईमानदार, संवेदनशील और अनुशासित शिक्षक को देखते हैं, तो वे भी उन्हीं मूल्यों को अपनाने का प्रयास करते हैं। इस प्रकार शिक्षक समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का माध्यम बनता है।

अंततः कहा जा सकता है कि शिक्षक की व्यावसायिक नैतिकता शिक्षा की गुणवत्ता की आत्मा है। यह न केवल शिक्षण को प्रभावी बनाती है, बल्कि बच्चों के चरित्र निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। जब शिक्षक अपने कर्तव्यों को नैतिकता और समर्पण के साथ निभाता है, तभी शिक्षा वास्तव में सार्थक और जीवनोपयोगी बनती है।

.................✍️
**मनोज कुमार झा**
प्रधानाध्यापक
राज़कीयकृत म.वि. सर्वोदय
बेतिया, प. चम्पारण।



आइए, हम मिलकर छात्रों के ज्ञान, प्रेरणा और जिज्ञासा को नयी दिशा दें। 🌿🙏

# कैरियर मार्गदर्शन श्रृंखला: पत्र संख्या - 22

## (मैट्रिक के बाद – ITI : Diesel Mechanic)

## 'संपादकीय'

प्रिय विद्यार्थियों,

यदि आपकी रुचि वाहनों, इंजन, मशीनों और तकनीकी मरम्मत कार्य में है, तो ITI – Diesel Mechanic एक अत्यंत व्यावहारिक और रोजगारपरक कोर्स है। इस कोर्स में डीजल इंजन की संरचना, इंजन रिपेयरिंग, फ्यूल सिस्टम, लुब्रिकेशन, ट्रैक्टर/ट्रक/बस मेंटेनेंस, ऑटोमोबाइल सर्विसिंग आदि का प्रशिक्षण दिया जाता है। कृषि और परिवहन प्रधान राज्यों—जैसे बिहार—में इस कौशल की मांग लगातार बनी रहती है।

अर्हता: मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10वीं उत्तीर्ण; गणित एवं विज्ञान विषय लाभकारी।

नामांकन प्रक्रिया: बिहार में ITI ट्रेड्स में प्रवेश राज्य स्तर की ऑनलाइन प्रक्रिया/मेरिट के आधार पर होता है। आवेदन व प्रशिक्षण संबंधी जानकारी के लिए Ministry of Skill Development and Entrepreneurship – skillindia.gov.in तथा Directorate General of Training – dgt.gov.in उपयोगी पोर्टल हैं।

बिहार के प्रमुख सरकारी संस्थान:

विभिन्न सरकारी ITI संस्थान (प्रत्येक जिले में उपलब्ध)

Bihar Skill Development Mission के प्रशिक्षण केंद्र

कोर्स अवधि: सामान्यतः 1–2 वर्ष (ट्रेड अनुसार)।

रोजगार की संभावना:

ऑटोमोबाइल वर्कशॉप, ट्रांसपोर्ट कंपनियाँ, ट्रैक्टर/कृषि मशीनरी सर्विस सेंटर, रेलवे वर्कशॉप, कंस्ट्रक्शन कंपनियाँ। प्रारंभिक आय लगभग ₹12,000–25,000 प्रति माह, अनुभव के साथ वृद्धि।

स्व-रोजगार के अवसर:

स्वयं की गैरेज/ऑटो रिपेयरिंग वर्कशॉप, ट्रैक्टर सर्विस सेंटर, मोबाइल सर्विसिंग यूनिट शुरू कर अच्छी आय अर्जित की जा सकती है।

आगे के अवसर:

अप्रेंटिसशिप (Apprenticeship), पॉलिटेक्निक में लेटरल एंट्री, रेलवे/SSC टेक्निकल पदों की तैयारी।

वित्तीय सहायता:

तकनीकी कोर्स हेतु बिहार सरकार की स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना (drcc.bihar.gov.in) से सहायता प्राप्त की जा सकती है। छात्रवृत्ति के लिए National Scholarship Portal – scholarships.gov.in पर विभिन्न योजनाएँ उपलब्ध हैं।

संक्षिप्त सलाह: यदि आप मशीनों के साथ काम करने में रुचि रखते हैं और जल्दी रोजगार या स्वयं का व्यवसाय शुरू करना चाहते हैं, तो Diesel Mechanic ट्रेड आपके लिए एक मजबूत विकल्प है।

अगले पत्र में – **इंटरमीडिएट के बाद : Paramedical – Radiology & Imaging Technology

...........✍️



शैलेन्द्र कुमार
प्रधान शिक्षक
रा.प्रा.वि. बोदसर, बगहा-2

Reg. No. BR/2025/0487469

# "चम्पारण-ज्ञानाग्रह"

## आइए, हम मिलकर छात्रों के ज्ञान, प्रेरणा और जिज्ञासा को नयी दिशा दें। 🌿🙏

# Thank You..

## बच्चों के हितार्थ अपना बहुमूल्य समय देने के लिए...!!!




संपादक:-

**शैलेन्द्र कुमार**

'प्रधान शिक्षक'

Govt. PS बोदसर,

बगहा-2, प. चम्पारण।

(10010803702)

📱-9939671700


अगर आपके मन में कोई नया विचार, कोई इवेंट, कोई एक्टिविटी या किसी बदलाव की पहल है, तो कृपया टीम में बताइए।

+917250818080

teachersofbihar@gmail.com

+917250818080

www.teachersofbihar.org